(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ग) पश्चिम रेलवे की स्थानीय रेल-गाड़ियों में चेतावनियां इत्यादि के मराठी भाषा में भी कब तक लिख दिए जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) : बम्बई में पश्चिम रेलवे की स्थानीय गाड़ियों में नोटिस, चेतावनी आदि अंग्रेजी हिन्दी तथा मराठी में लिखे होते हैं। बहरहाल, खतरे की जंजीर खींचने के बारे में कुछ पुराने नोटिस, जिन्हें मूलतः पुराने सवारी डिब्बों में लगाया गया था, अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती भाषा में हैं।

(ग) इस काम को पहले ही शुरू किया जा चुका है और यह 30-6-1993 तक पूरा हो जाएगा।

गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रोका जाना

2515. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे में गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर "छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस" को रोकने की व्यवस्था कराये जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो जनता की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्था कब तक कर दी जाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) यातायात के औचित्य की कमी के कारण।

गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल के रोके जाने को रद्द किया जाना

2516. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यह सच है कि फिरोजपुर-बम्बई वा० टी० (संख्या 4038) के बीच चल रही "पंजाब मेल" के मध्य रेलवे में गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर, जो कि विभिन्न पर्यटक/ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ा हुआ रेलवे स्टेशन है, रोके जाने को रद्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो बासोदा रेलवे स्टेशन पर उक्त रेलगाड़ी के रोके जाने को रद्द करने के कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस गाड़ी के रोके जाने को रद्द किए जाने के विरोध में कोई आंदोलन शुरू किए गए थे; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या निर्णय लिया है; और

(घ) इस गाड़ी को रोके जाने को पुनः कब तक चालू किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (घ)

1037/1038 पंजाब मेल का ठहराव जिसे 1-7-92 से समाप्त कर दिया गया था, उसे 19/20-7-92 से पुनः बहाल कर दिया गया है।